# Starred Question No *43
## To Metal the Unmetalled Passages

***43 Sh. JAGBIR SINGH MALIK (Gohana):**

Will the Development & Panchayats Minister be pleased to state:-

a) whether there is any scheme to metal the unmetalled passages of agriculture fields in the villages upto 25 kilometer at the recommendation of concerned MLA if so, the name of the scheme; and

b) whether any unmetalled passage has been metalled by the Government out of the list given to the authorities by the concerned MLA of Gohana Assembly Constituency; if so, the details thereof ?

**Sh. DEVENDER SINGH BABLI,** Development & Panchayats Minister :

a) Yes Sir. Name of Scheme is Mukhya Mantri Khet Khaliyan Sadak Yojana under which concerned MLA can recommend metalling of 25 Kilo Meter unmetalled roads of agriculture fields.

b) No sir. Recommendations of 23 works were received in the office of Chief Executive Officer, Zila Parisad, Sonipat on 04.05.2023. Out of these works 13 works were not covered by the Scheme and only 10 works were found covered under the scheme for which estimates have been prepared and sent by the Chief Executive Officer, Zila Parisad, Sonipat to Head Quarter on 15.02.2024. Another set of proposal of 25 works with recommendation from MLA of Gohana Constituency were received on 16.02.2024 which are under examination in the office of Executive Engineer Panchayati Raj, Sonipat.

## तारांकित विधानसभ ाा प्रश्न संख्या *43
## कच्चे रास्तों को पक्का करने बारे

***43 श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना) :**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:–

क) क्या सम्बन्धित विधायक की अनुशंसा पर 25 किलोमीटर तक के गांवो में कृषि क्षेत्रों के कच्चे मार्गो को पक्का करने की कोई योजना है, यदि हां, तो योजना का नाम; और

ख) क्या गोहाना विधानसभा क्षेत्र के सम्बन्धित विधायक द्वारा अधिकारियों को दी गई सूची में से सरकार द्वारा किसी कच्चे मार्ग को पक्का किया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा क्या है?

**श्री देवेंद्र सिंह बबली, विकास एवं पंचायत मंत्रीः**

क) हां श्रीमान जी, मुख्यमंत्री किसान खेत खलियान सडक योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधायक की अनुशंसा पर 25 किलोमीटर तक के खेतों के रास्तों को पक्का किया जाता है।

ख) नही श्रीमान जी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोनीपत के कार्यालय मे दिनांक 4.5.2023 को 23 कार्यो की अनुशंसा प्राप्त हुई जिसमें से 13 कार्य स्कीम मे कवर नही होते, बचे हुए 10 कार्य ही स्कीम मे कवर होते है तथा जिनके अनुमान तैयार करने उपरान्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सोनीपत के द्वारा दिनांक 15.02.2024 को मुख्यालय को भेज दिये गये है। इसके अतिरिक्त गोहाना निर्वाचन क्षेत्र के विधायक की अनुशंसा के साथ 25 कार्यो का प्रस्ताव दिनांक 16.02.2024 को प्राप्त हुआ, जो कार्यकारी अभियंता पंचयती राज, सोनीपत के कार्यालय मे परीक्षणाधीन है।

# नोट फॉर पैड

**तारंकित विधानसभा प्रश्न संख्या *43**
**कच्चे रास्तों को पक्का करने बारे**

---

खेत खलियान सडक योजना माननीय मुख्य मन्त्री घोषणा कोड 24219 दिनांक 1.11.2018 को लागू की गई थी जिसमे प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र मे खेतो के कच्चे रास्तो को खेत खलियान सडक योजना (मुख्य मंत्री घोषणा कोड 24219) के तहत ईटो से 25 किलोमीटर व ईन्टरलोकिंग पेवर ब्लाक से 15 किलोमीटर तक पक्का करवाने का प्रावधान किया गया है। जिसमे विधानसभा क्षेत्र का विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र मे खेतो के कच्चे रास्तो को पक्का करवाने के निर्माण हेतू अनुमानो को तैयार करके जिला प्रशासन के माध्यम से विकास विभाग को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु भिजवाते है, जो माननीय मुख्यमंत्री महोदय से प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त सम्बन्धित क्रियान्वित एजेन्सी को राशि जारी की जाती है जहॉ तक विधानसभा क्षेत्र गोहाना का संबंध है उस बारे व्यक्त किया जाता है कि सम्बन्धित विधायक द्वारा 23 कार्यों की एक सूची की सिफारिश की गई थी, जिसमें से मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सोनीपत ने पत्र क्रमांक 9289 दिनांक 15.2.2024 को 23 अनुमान प्रशासनिक स्वीकृति हेतू प्रस्तुत किए हैं, जिसमें से 10 कार्यो के प्रांकलन उपयुक्त पाए गये है जो सरकार के विचाराधीन हैं। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित विधायक से 25 कार्य की सूची खेतो के कच्चे रास्तो का निर्माण हेतू कार्यकारी अभियंता, पंचायती राज सोनीपत के कार्यालय मे दिनांक 16.02.2024 को प्राप्त हुई है, जिसके अनुमान तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सम्बन्धिंत विधायक की अनुशंसा पर कृषि क्षेत्रों के किसी भी कच्चे मार्ग को पक्का नहीं किया गया है।

**NOTE FOR PAD**
**Starred Question No *43**
**To Metal the Unmetalled Passages**

Khet Khaliyan Sadak Yojana was implemented by Hon'ble Chief Minister Announcement Code 24219 dated 1.11.2018, in which every MLA in his assembly constituency can unmetalled passage within 25 kilometers of brick on edge and 15 kilometers of interlocking paver block.

In which the MLA of the Assembly constituency prepares the estimates for the construction of unmetalled passage in the fields in his Assembly constituency and send them to the Government through the District Administration for Administrative Approval, which, after Administrative Approval from the Hon'ble Chief Minister, releases the amount to the concerned Executive Agency. It is issued that as far as Assembly Constituency Gohana is concerned. A list of 23 number of works were recommended by concerned MLA out of which Chief Executive officer Sonipat has submitted 10 number of estimates on dated 15.2.2024 which are under consideration of Government. Beside above, another list recommendation of 25 works numbers of proposal received on dated 16.02.2024 in the office of Executive Engineer, Panchayati Raj, Sonipat and these estimates are under preparation. Hence, No unmetalled passages of fields has been metalled on recommendation of above Concerned MLA.